# विद्यार्थियों ने 12वीं बोर्ड में लहराया सफलता का परचम



शीतल प्रिया



रिश्ता वर्मा।

## बी.डी.एम. इंटरनेशनल स्कूल की शीतल प्रिया ने 98.6 प्रतिशत अंकों से प्रथम, तीन ने 98 प्रतिशत अंक हासिल कर द्वितीय स्थान पाया

**कोलकाता।** बी.डी.एम. इंटरनेशनल ने सीबीएसई सीनियर सेकेंडरी परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्ट परिणाम हासिल किए हैं। विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न स्ट्रीम में उच्च अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। मानविकी संकाय की छात्रा शीतल प्रिया ने 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। विज्ञान की उर्मिलिका नंदा, वाणिज्य के अनुराग दत्ता और मानविकी की ओइशी घोष ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त, मानविकी में सुष्मिता मुखर्जी ने 97.6 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान पर रहीं। स्ट्रीमवार टॉपर्स की सूची भी जारी की गई। मानविकी में शीतल प्रिया (प्रथम), ओइशी घोष (द्वितीय) और सुष्मिता मुखर्जी (तृतीय) रहीं। वाणिज्य में अनुराग दत्ता (प्रथम), श्रेया दास (द्वितीय) और आदित्य सिकदार (तृतीय) स्थान पर रहे। विज्ञान में उर्मिलिका नंदा (प्रथम), सव्यसाची लस्कर (द्वितीय) और कनिष्क मुखर्जी (तृतीय) स्थान पर रहे। विद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे कठिन परिश्रम, अनुशासन तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम बताया। प्रधानाचार्या मधुमिता सेन गुप्ता ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की, जिनके मार्गदर्शन में छात्रों ने यह उपलब्धि हासिल की।

## रिश्ता वर्मा को हिंदी मे मिले 98 अंक

छात्रा रिश्ता वर्मा ने सीबीएसई 12वीं में हिंदी विषय में 100 में से 98 अंक हासिल कर अग्रणी स्थान प्राप्त किया। अंग्रेजी माध्यम स्कूल की यह छात्रा पढ़ाई के अलावा हिंदी की कई गतिविधियों में भाग लेती है। उसका मानना है कि इस सफलता में हिंदी शिक्षिका सीमा सैन का बहुत बड़ा योगदान रहा, जिन्होंने हर कदम पर उसका मार्गदर्शन और उत्साहवर्धन किया। उसने किसी भी विषय का बचपन से ट्यूशन नहीं लिया है। वह अपनी इस उपलब्धि से बेहद खुश और संतुष्ट महसूस कर रही है। सभी टीचरों के स्नेह व अच्छे वातावरण ने उसे हर कदम पर सही दिशा दिखायी है। स्कूल उसकी सफलता की नींव है। पढ़ाई के अलावा उसे हिंदी साहित्य की अच्छी किताबें पढ़ने का भी शौक है।